# अल्काराज ने जीता यूएस ओपन

## बने वर्ल्ड नंबर वन

- सिनर को हराकर दूसरा खिताब, जोकोविच टॉप-5 में लौटे
- अल्काराज ने सिनर को 6-2, 3-6, 6-1, 6-4 से हराया
- जीत के साथ अल्काराज 11,540 अंकों पर पहुंचकर नंबर वन बने
- जोकोविच तीन पायदान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंचे
- एनिसिमोवा पहली बार डब्ल्यूटीए टॉप-5 में शामिल हुई





**नई दिल्ली, 8 सितंबर. अमेरिकी ओपन के समापन के बाद जारी हुई नई रैंकिंग में बड़े बदलाव देखने को मिले हैं. स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ ने फाइनल में इटली के जानिक सिनर को हराकर न केवल दूसरा अमेरिकी ओपन खिताब जीता, बल्कि सिनर को पीछे छोड़ते हुए एक बार फिर से दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी बन गए हैं. महिला वर्ग में, अमेरिकी ओपन की उपविजेता अमांडा एनिसिमोवा पहली बार शीर्ष-5 में शामिल हुई हैं, जबकि डिफेंडिंग चैंपियन आर्यना सबालेंका शीर्ष पर बनी हुई हैं.**

### एटीपी रैंकिंग : अल्कराज शीर्ष पर, जोकोविच टॉप-5 में वापसी

अमेरिकी ओपन में मिली शानदार जीत के बाद कार्लोस अल्कराज़ 11,540 अंकों के साथ रैंकिंग में शीर्ष पर आ गए हैं, जबकि जानिक सिनर 10,780 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। सेमीफाइनल तक का सफर तय करने वाले 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच तीन स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। इसके साथ ही, कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिम 14 स्थानों की बड़ी छलांग लगाकर 13वें नंबर पर आ गए हैं। टॉप-10 में, टेलर फ्रिट्ज़ पांचवें और जैक ड्रेपर सातवें स्थान पर फिसल गए हैं।

#### भारतीय खिलाड़ियों की रैंकिंग

भारतीय खिलाड़ियों में, डबल्स में युकी भांबरी 22वें (+10) और प्रार्थना थोम्बरे 132वें स्थान पर हैं. सिंगल्स में, सुमित नागल 290वें (+3) स्थान पर हैं.

#### डब्ल्यूटीए रैंकिंग : एनिसिमोवा का शीर्ष-5 में डेब्यू

महिला रैंकिंग में, उपविजेता रहीं अमांडा एनिसिमोवा पांच स्थान की छलांग लगाते हुए करियर में पहली बार चौथे नंबर पर पहुंची हैं. आर्यना सबालेंका 11,225 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं. पिछली बार की उपविजेता जेसिका पेगुला तीन स्थान फिसलकर सातवें नंबर पर आ गई हैं. दो बार की अमेरिकी ओपन चैंपियन नाओमी ओसाका सेमीफाइनल तक पहुंचने के बाद 24वें से 14वें स्थान पर आ गई हैं.

#### ऐतिहासिक जीत और मुकाबला

अल्कराज़ ने रविवार को न्यूयॉर्क में सिनर को 6-2, 3-6, 6-1, 6-4 से हराकर अपना दूसरा अमेरिकी ओपन खिताब और कुल मिलाकर छठा करियर मेजर जीता. यह जीत उन्हें ओपन युग (1968 के बाद) में कई अमेरिकी ओपन खिताब जीतने वाले 11वें खिलाड़ी के रूप में स्थापित करती है. इस मुकाबले को टेनिस में एक नए युग की शुरुआत और दोनों खिलाड़ियों के बीच एक युग-परिभाषित प्रतिद्वंद्विता के रूप में देखा जा रहा है.

# फिडे ग्रैंड स्विस 2025 : महिला वर्ग में वैशाली संयुक्त बढ़त पर

**समरकंद, 8 सितंबर. फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर के बाद भारतीय ग्रैंडमास्टर वैशाली महिला वर्ग में संयुक्त बढ़त पर बनी हुई हैं. उन्होंने जर्मनी की दिनारा वैगनर के साथ ड्रॉ खेला, जबकि रूस की कातेरीना लाग्नो ने चीन की युक्सिन सॉन्ग को सफेद मोहरों से हराकर वैशाली के साथ 3.5 अंक हासिल कर लिए. पांचवें दौर में वैशाली और लाग्नो के बीच महत्वपूर्ण मुकाबला होगा, जिसमें वैशाली सफेद मोहरों से खेलेंगी.**

वैशाली ने दिनारा के खिलाफ काले मोहरों से ग्रुनफेल्ड रक्षा अपनाई, लेकिन ज्यादा कुछ हासिल नहीं कर सकीं. दिनारा ने शुरुआत में ही ऊंट के बदले हाथी की कुर्बानी दी और तैयारी में बेहतर साबित हुईं. मध्य खेल में रानियां बदल गईं, लेकिन वैशाली को कोई निर्णायक चाल नहीं मिली और मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ. महिला वर्ग में अन्य परिणामों में अजरबैजान की उल्विया फतालीयेवा ने यूक्रेन की मारिया मुजिचुक को हराया, जबकि उज्बेकिस्तान की अफरुजा खमदामोवा ने अमेरिका की इरीना क्रुश को मात दी. रोमानिया की इरीना बुलमागा ने कनाडा की मैली-जेड औलेट को हराया और बुल्गारिया की एंटोआनेटा स्टेफानोवा ने उज्बेकिस्तान की गुलदोना करीमोवा पर जीत दर्ज की.



### प्रग्नानंधा, गुकेश और एरिगैसी ने खेला ड्रॉ मुकाबला

ओपन वर्ग में ईरान के पारहम मगसूदलू ने स्थानीय खिलाड़ी नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से ड्रॉ खेलकर 3.5 अंक के साथ अकेली बढ़त बनाए रखी. भारतीय विश्व चैंपियन गुकेश ने साथी अर्जुन एरिगैसी से ड्रॉ खेला, जबकि शीर्ष वरीय प्रग्नानंधा को अमेरिका के युवा ग्रैंडमास्टर अभिमन्यु मिश्रा ने ड्रॉ पर रोका. प्रग्नानंधा ने अभिमन्यु पर दबाव बनाया और एक अतिरिक्त मोहरा हासिल किया, लेकिन अंतिम खेल में अभिमन्यु ने मजबूत बचाव किया और 57 चालों में मैच ड्रॉ रहा. गुकेश और एरिगैसी के बीच काले मोहरों से एरिगैसी की तैयारी बेहतर रही, जिससे घोड़ों और मोहरों के अंतिम खेल में 46 चालों के बाद ड्रॉ हुआ. विदित गुजराती ने यूक्रेन के वासिल इवानचुक को हराकर तीन अंक बनाए और संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंचे. एरिगैसी, गुकेश और प्रग्नानंधा भी तीन अंकों पर हैं, साथ में अब्दुसत्तोरोव, नोदिरबेक याकुबोएव, हंगरी के रिचर्ड रैपोर्ट, जर्मनी के मैथियास ब्लूबाम, स्विट्जरलैंड के निकिता विटियुगोव और तुर्की के यागिज कैन एर्डोगमुस. अन्य भारतीयों में लियोन ल्यूक मेंडोंका ने अमेरिका के हंस नीमन से ड्रॉ खेला, जबकि प्रणव वी ने निहाल सरीन से ड्रॉ किया. हरिकृष्णा पी ने अमेरिका के जेफरी जियोंग से ड्रॉ खेला, जबकि आर्यन चोपड़ा को अमेरिका के अवॉन्डर लियांग से हार मिली.



## एक नजर में



### धीमी ओवर गति के लिए दक्षिण अफ्रीका पर लगा जुर्माना

**दुबई, 08 सितंबर (वार्ता)** दक्षिण अफ्रीका पर इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है. दक्षिण अफ्रीका पर यह कार्रवाई एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के जवागल श्रीनाथ की ओर से गई. दक्षिण अफ्रीका को निर्धारित समय से एक ओवर कम फेंकने का दोषी पाया गया. मैदानी अंपायर नितिन मेनन और रसेल वॉरेन, तीसरे अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर माइक बर्न्स ने यह आरोप लगाये गये थे. आईसीसी के नियम तहत खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार न्यूनतम ओवर गति के अपराध के दोषी पाये जाने पर खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में अपनी टीम द्वारा फेंके गए प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है. दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने अपराध और प्रस्तावित दंड स्वीकार कर लिया.



### इंग्लैंड को व्यस्त कार्यक्रम से निपटने के तरीके खोजने होंगे

**लंदन 04 सितंबर (वार्ता)** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि टीम को अपने व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम से बेहतर तरीके से निपटना सीखना होगा. बेन डकेट, जेमी स्मिथ और हैरी ब्रुक इस गर्मी में अब तक इंग्लैंड के 15 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में लगातार मौजूद रहे हैं, और सभी ने अगस्त में द हंड्रेड में खेला. तीनों खिलाड़ी अगले हफ्ते आयरलैंड के संक्षिप्त दौरे पर नहीं जायेंगे. इन बल्लेबाजों को एक अतिरिक्त हफ्ते के आराम की सलाह दी है ताकि वे व्यस्त सर्दियों से पहले 'तरोताजा' हो सकें. डकेट और स्मिथ विश्व कप से छह महीने से भी कम समय पहले लगातार अंतरराष्ट्रीय टी-20 सीरीज से बाहर रहेंगे, जबकि बेहतर योजना के तहत उन्हें एकदिवसीय सीरीज से बाहर रखा जा सकता था. उनकी अनुपस्थिति में, फिल साल्ट 'जो पितृत्व अवकाश के कारण इंग्लैंड के हालिया अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैचों में नहीं खेल पाए थे' टॉम बैंटन या विल जैक्स के साथ पारी की शुरुआत करते दिखाई देंगें.

### विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 35 खिलाड़ी करेंगे पदार्पण

**नयी दिल्ली.** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 27 सितम्बर से पांच अक्टूबर तक होने वाले विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 में 35 भारतीय एथलीट पहली बार हिस्सा लेंगे. स्विट्जरलैंड में हुई नॉटविल वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में पुरुषों की एफ42 जेवलिन श्रेणी में 61.17 मीटर का थ्रो कर विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले महेंद्र गुर्जर इस समय पटियाला में प्रशिक्षण ले रहे हैं. वे अपने पहले वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने और भारत का नाम रोशन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. इनके अलावा इस चैंपियनशिप में पहली बार भाग लेने वालों में अतुल कौशिक (डिस्कस एफ57), प्रवीन (शॉट पुट एफ46), हनी (डिस्कस एफ37), मित भारतभाई पटेल (लॉन्ग जंप टी44), मंजीत (जेवलिन एफ13), विशू (लॉन्ग जंप टी12), पुष्पेंद्र सिंह (जेवलिन एफ44), अजय सिंह (लॉन्ग जंप टी-47), शुभम जुयाल (शॉट पुट एफ57), बीरभद्र सिंह (डिस्कस एफ57), दयावंती (महिला 400 मीटर टी20), अमीषा रावत (महिला शॉट पुट एफ46), आनंदी कुलंथैसामी (क्लब थ्रो एफ32) और सुचित्रा परिदा (महिला जेवलिन एफ56) शामिल हैं.

# सिराज आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट

- इंग्लैंड दौरे में 23 विकेट झटके थे
- मैट हेनरी और जायडन सील्स भी दावेदार



**दुबई, 8 सितंबर. भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को अगस्त महीने के आईसीसीप्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है. उनके अलावा, न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और वेस्टइंडीज के जायडन सील्स भी नॉमिनेट हुए हैं.**

सिराज को यह नॉमिनेशन इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट में दमदार प्रदर्शन के लिए मिला है. उन्होंने आखिरी पारी में 5 विकेट लेकर भारत को 6 रन की रोमांचक जीत दिलाई थी. इसी जीत के सहारे भारत 2-1 से पिछड़ने के बावजूद सीरीज ड्रॉ कराने में कामयाब रहा.

5 मैचों की इस सीरीज में भारत और इंग्लैंड के कई खिलाड़ी चोटिल रहे, लेकिन सिराज ने लगातार 5 टेस्ट में खेले. इतना ही नहीं, 23 विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज बने. उन्होंने 185.3 ओवर डाले.

## अनन्या, दिव्यांशी ने उत्तरी मैसेडोनिया में अंडर-15 युगल वर्ग के रोमांचक मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता

**नयी दिल्ली, 08 सितंबर (वार्ता).** अनन्या मुरलीधरन और दिव्यांशी भौमिक ने उत्तरी मैसेडोनिया के स्कोप्जे में आयोजित डब्ल्यूटेटे यूथ स्टार कंटेंडर में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-15 गर्ल्स डबल्स का स्वर्ण पदक जीता. भारतीय जोड़ी ने उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में अद्भुत धैर्य और सहनशक्ति का प्रदर्शन करऐ हुए रोमांचक फाइनल में चीन की झाओ वांगकी और लियू ज़िलिंग को 3-2 से हराया. चीनी जोड़ी के साथ कड़ी टक्कर के बाद, अनन्या और दिव्यांशी ने निर्णायक मुकाबले में अपना संयम बनाए रखा और महत्वपूर्ण मैच पॉइंट बचाकर मुकाबला 11-8, 7-11, 11-8, 6-11, 14-12 से अपने नाम कर लिया.



## विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप : जैस्मिन क्वार्टर फाइनल में, अविनाश प्री-क्वार्टर

**लिवरपूल, 8 सितंबर. भारतीय मुक्केबाज जैस्मिन लैंबोरिया (57 किग्रा) ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है, जबकि अविनाश जामवाल (65 किग्रा) प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं. हालांकि, साक्षी चौधरी (54 किग्रा) और सनमाचा चानू (70 किग्रा) को अपने मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा और वे टूर्नामेंट से बाहर हो गईं.**

अपने मुकाबले में, ओलंपियन जैस्मिन ने ब्राजील की ओलंपियन जुसिलियन रोमेउ को 5-0 के एकतरफा फैसले से हराया. जैस्मिन ने शुरुआती राउंड में ही अपनी बढ़त बना ली और दूसरे राउंड में ब्राजीलियाई मुक्केबाज के आक्रामक रुख का भी अच्छी तरह से मुकाबला किया. अपने सटीक मुक्कों से उन्होंने निर्णायक बढ़त हासिल की. अब जैस्मिन का अगला मुकाबला उज्बेकिस्तान की एशियाई अंडर-22 चैंपियन खुमोराबोनु ममाजोनोवा से होगा.

पुरुष वर्ग में, विश्व कप रजत पदक विजेता अविनाश जामवाल (65 किग्रा) ने भी अपना दबदबा कायम रखा.

## एशिया कप में संजू तोड़ सकते हैं धोनी का रिकॉर्ड

**नयी दिल्ली 08 सितंबर (वार्ता)** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेले जाने वाले आगामी एशिया कप 2025 में संजू सैमसन पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के टी-20 में विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकार्ड तोड़ सकते है. हाल ही में संजू सैमसन के 'नो लुक सिक्स' की भी काफी चर्चा हुई. जब वो फॉर्म में होते हैं तो उनके बल्ले को रोकना नामुमकिन होता है, केरल लीग में उन्होंने पांच मैचों में ही 30 छक्के लगाकर साबित कर दिया कि वो अंतरराष्ट्रीय टी-20 के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक हैं और एशिया कप में उन्हें प्लेइंग इलेवन में रखना फायदेमंद साबित होगा. हालांकि अभी यह तय नहीं है कि वे किस नंबर पर खेलने वाले हैं. संजू इस एशिया कप में धोनी का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं. दरअसल धोनी के नाम किसी विकेटकीपर के द्वारा अंतरराष्ट्रीय टी-20 में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने का रिकॉर्ड है. उन्होंने 85 मैचों में 52 छक्के मारे हैं.



# एशिया कप के सुपर चार में महिला हॉकी टीम

**हांगझोऊ (चीन), 08 सितंबर (वार्ता) भारतीय महिला हॉकी टीम ने सोमवार को महिला एशिया कप 2025 में अपनी लय बरकरार रखते हुए सिंगापुर पर 12-0 से एकतरफा जीत दर्ज कर सुपर-4 मुकाबले में अपनी जगह पक्की कर ली.**

आज यहां खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम की ओर से मुमताज खान (दूसरे, 32वें,39वें मिनट में) और नवनीत कौर (14वें, 20वें, 28वें मिनट में) नेहा (11वें, 38वें मिनट), लालरेम्सियामी (13वें मिनट में) उदिता (29वें मिनट में), शर्मिला सिंह (45वें मिनट में) और रुतुजा दादासो पिसाल (53वें मिनट में) ने गोल किए भारतीय टीम मैच की शुरुआत से ही सिंगापुर की टीम पर हावी रही. पहले क्वार्टर में ही भारत ने सिंगापुर की रक्षापंक्ति को भेदते हुए चार गोल दागे. मैच शुरू होने के दूसरे मिनट में मुमताज खान ने अपने शानदार मैदानी गोल से भारत का खोला. इसके बाद भारत ने अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, जिसे उदिता गोल में नहीं बदल सकीं. लेकिन इसके बाद भारत ने दो मैदानी गोल दागे.

#### भारतीय टीम सुपर-4 मैच 10 को खेलेगा

एशिया कप जीतने वाली टीम को 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड्स में होने वाले महिला हॉकी विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफिकेशन मिलेगा.

**उत्साहवर्धन** | विश्व कप विजेता भारतीय हॉकी टीम को नीतीश का तोहफा

# प्रत्येक खिलाड़ी को मिलेंगे दस लाख रूपये

**पटना, 08 सितंबर (वार्ता). बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के राजगीर में संपन्न हीरो एशिया कप 2025 के फाइनल में दक्षिण कोरिया के उपर विलक्षण जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम के प्रत्येक सदस्य को 10 लाख रूपये की सम्मान राशि देने का निर्णय लिया है.**




श्री कुमार ने भारतीय टीम के हॉकी खिलाड़ियों को शुभकामनायें देते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, भारत की हॉकी टीम ने बिहार की धरती पर एशियन चैम्पियनशिप जीत कर देशवासियों को गौरवान्वित किया है. उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के सम्मान और उत्साहवर्धन के लिए बिहार सरकार ने प्रत्येक खिलाड़ी को 10 लाख और सहयोगी स्टाफ को पांच लाख रूपये देने का निर्णय लिया है.

उल्लेखनीय है कि बिहार के राजगीर खेल परिसर के नव निर्मित हॉकी ट्रैक पर पहली बार पुरुष वर्ग में एशियाई स्तर की कोई प्रतियोगिता आयोजित की गयी. 29 अगस्त से 07 सितंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता के फाइनल में रविवार को भारत ने पांच बार के विजेता दक्षिण कोरिया को 4-1 से हरा कर शानदार जीत दर्ज की थी.

### एशिया कप की जीत को बाढ़ पीड़ित को समर्पित : मनप्रीत

**राजगीर.** भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी मनप्रीत सिंह ने हीरो एशिया कप 2025 की जीत को पंजाब के बाढ़ पीड़ित लोगों को समर्पित किया. मैच जीतने के बाद मनप्रीत ने कहा, मैं इस जीत को पंजाब के लोगों को समर्पित करना चाहता हूं, जो अकल्पनीय शक्ति और लचीलेपन के साथ विनाशकारी बाढ़ का सामना कर रहे हैं. यह जीत हर उस पीड़ित के लिए है जो अपना जीवन फिर से बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है, और उन निस्वार्थ स्वयंसेवकों के लिए है जो जरूरतमंदों को बचाने, उनका समर्थन करने और उनके पुनर्वास के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं. आपका जज्बा ही हमारी सच्ची प्रेरणा है, और यह जीत पंजाब के साहस को श्रद्धांजलि है. उल्लेखनीय है कि हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय हॉकी टीम ने रविवार को फाइनल मुकाबल में पांच बार की विजेता दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर एशिया कप का खिताब अपने नाम करते हुए अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्वकप के लिए क्वालिफाई कर लिया था.